# प्रधानमंत्री किसान मानधन योजना के 5 वर्ष

## प्रिलिम्स के लिये:

[प्रधानमंत्री किसान मानधन योजना (PM-KMY)](), [प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (PM-KISAN)](), [राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र](), [भारतीय जीवन बीमा निगम (LIC)](), [कॉमन सर्विस सेंटर (CSC)](), [राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस योजना (NeGP)](),

## मेन्स के लिये:

प्रधानमंत्री किसान मानधन योजना (PM-KMY) के प्रभाव का समालोचनात्मक विश्लेषण कीजिये

स्रोत: पी.आई.बी.

## चर्चा में क्यों?

12 सितंबर, 2019 को शुरू की गई प्रधानमंत्री किसान मानधन योजना (PM-KMY) ने हाल ही में सफलतापूर्वक **पाँच वर्ष** पूरे कर लिये।

## प्रधानमंत्री किसान मानधन योजना (PM-KMY) क्या है?

- **परिचय:**
  - **पात्रता: यह योजना सभी जोतधारक लघु एवं सीमांत किसानों** (देश में वे किसान जिनके पास **दो हेक्टेयर तक भूमि** है) को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के लिये शुरू की गई है।
- **वर्तमान स्थिति:**
  - अगस्त, 2024 तक 23.38 लाख किसान इस योजना के तहत पंजीकृत हो चुके हैं, जिनमें **बिहार और झारखंड पंजीकरण में अग्रणी** हैं।
    - **उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़ और ओडिशा** में क्रमशः 2.5 लाख, 2 लाख और 1.5 लाख से अधिक किसान पंजीकृत हो चुके हैं।
    - यह व्यापक भागीदारी छोटे और सीमांत किसानों के बीच बढ़ती जागरूकता एवं योजना को अपनाने की बढ़ती प्रवृत्ति को दर्शाती है, जो **इस कमज़ोर वर्ग के लिये वित्तीय स्थिरता सुनिश्चित करने में इसके महत्त्व को दर्शाती है।**
- **PM-KMY के अंतर्गत प्रमुख लाभ:**
  - **मासिक अंशदान:** नामांकन के दौरान अंशदाता की आयु के आधार पर अंशदान 55 रुपए से 200 रुपए तक किया जाता है।
- **समान सरकारी अंशदान:** केंद्र सरकार पेंशन निधि में **अभिदाता/अंशदाता के बराबर राशि का अंशदान** करती है।
  - **न्यूनतम सुनिश्चित पेंशन: 60 वर्ष की आयु पूरी करने** पर **प्रत्येक** अंशदाता **को 3,000 रुपए प्रतिमाह की** गारंटीकृत न्यूनतम पेंशन दी जाती है।
  - **पारिवारिक पेंशन:** अंशदाता **की मृत्यु पर, उसके पति/पत्नी को 1,500 रुपए प्रतिमाह की** पारिवारिक पेंशन मिलेगी, बशर्ते कि वे पहले से ही योजना के लाभार्थी न हों।
  - **PM-KISAN लाभ:** छोटे एवं सीमांत किसान (SMF) स्वतः डेबिट हेतु आवश्यक स्वीकृति के साथ **स्वैच्छिक योगदान के लिये अपने** [प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (PM-KISAN)]() लाभ का उपयोग कर सकते हैं।
- **निर्धारित अवधि से पूर्व पेंशन योजना से अलग होना:**
  - यदि अभिदाता **60 वर्ष की आयु से पूर्व योजना से अलग** हो जाता है तो उसे **उसके अंशदान के साथ-साथ संचित ब्याज भी मिलेगा**।
  - यदि किसी **अभिदाता की पेंशन प्राप्ति के दौरान मृत्यु** हो जाती है, **तो उसके जीवनसाथी को अभिदाता को** प्राप्त होने वाली राशि के 50% के बराबर पारिवारिक पेंशन अर्थात 1500 रुपए प्रतिमाह पारिवारिक पेंशन का हकदार माना जाएगा।
  - **अभिदाता या उसके पति/पत्नी की मृत्यु होने** पर शेष धनराशि **निधि में वापस** कर दी जाएगी।
- **योजना का प्रबंधन:**
  - पेंशन **निधि का प्रबंधन** भारतीय जीवन बीमा निगम (LIC) द्वारा तथा पंजीकरण कॉमन सर्विस सेंटर (CSC) और राज्य सरकारों के माध्यम से किया जाता है।

## प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (PM-KISAN)

- **परचिय:**
    - इस योजना के अंतर्गत केंद्र सरकार सभी जोतधारक कसिानों के बैंक खातों में **तीन समान कस्तिों में प्रतविर्ष 6,000 रुपए की राशि सीधे अंतरति करती है, चाहे उनकी जोत का आकार कुछ भी हो।**
    - इसे **फरवरी 2019 में लॉन्च कयिा गया था।**
- **वत्तिपोषण और कार्यान्वयन:**
    - यह एक **केंद्र प्रायोजति योजना** है, जसिका **100% वत्तिपोषण भारत सरकार द्वारा** कयिा जाता है।
    - इसका क्रयिान्वयन **कृषि एवं कसिान कल्याण मंत्रालय द्वारा** कयिा जा रहा है।
- **लाभार्थयिों का अभनिर्धिारण:**
    - **लाभार्थी** कसिान परविारों के अभनिर्धिारण की पूरी जमि्मेदारी **राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों** की है।
- **उद्देश्य:**
    - प्रत्येक फसल चक्र के अंत में प्रत्याशति कृषि आय के अनुरूप उचति फसल स्वास्थ्य और उपयुक्त उपज सुनश्चिति करने के लयिे वभिन्नि कृषि आदान प्राप्त करने में **छोटे एवं सीमांत कसिानों की वत्तिीय आवश्यकताओं को पूरा** करना।
    - **ऐसे खर्चों को वहन करने के लयिे साहूकारों के चंगुल में फँसने से उन्हें बचाना** तथा कृषि गतविधियिों में उनकी नरिंतरता सुनश्चिति करना।

## कृषि से संबंधति सरकार की प्रमुख पहल क्या हैं?

- प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (PMFBY)
- मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना
- प्रधानमंत्री कृषि सिचाई योजना (PMKSY)
- राष्ट्रीय कृषि ई-बाज़ार (e-NAM)
- परंपरागत कृषि विकास योजना (PKVY)
- डजिटिल कृषि मशिन
- एकीकृत कसिान सेवा मंच (UFSP)
- कृषि में राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस योजना (NeGP-A)
- **पूर्वोत्तर क्षेत्र के लयिे जैवकि मूल्य शृंखला वकिास मशिन (MOVCDNER)**

## नषि्कर्ष

अपने कार्यान्वयन के पाँच वर्षों में **PM-KMY ने** पूरे भारत में **छोटे और सीमांत कसिानों (SMF) को** बहुत हद तक सशक्त बनाया है। इस योजना की **प्रमुख उपलब्धयिों में से एक कसिानों को वत्तिीय स्थरिता प्रदान करने में इसकी भूमकिा** है, जनिमें से कई को कृषि की मौसमी प्रकृति और आय में उतार-चढ़ाव के कारण अनश्चिति भवषि्य का सामना करना पड़ता है। सेवानवृत्ति के वर्षों के लयिे पेंशन सुनश्चिति करके, इस योजना ने ग्रामीण आबादी के लयिे **सामाजकि सुरक्षा में महत्त्वपूर्ण अंतर को दूर कयिा है**। वगित पाँच वर्षों में इसकी सफलता देश के **'अन्नदाता'** के जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाने में इसकी महत्त्वपूर्ण भूमकिा को रेखांकति करती है।

**दृष्टि मेन्स प्रश्न:**

**प्रश्न.** भारत में छोटे और सीमांत कसिानों (SMF) की वत्तिीय सुरक्षा पर प्रधानमंत्री कसिान मानधन योजना (PM-KMY) के प्रभाव पर चर्चा कीजयिे।

## यूपीएससी सवििल सेवा परीक्षा, वगित वर्ष के प्रश्न (PYQ)

**??????????**

**प्रश्न. 'कसिान क्रेडटि कार्ड' योजना के अंतर्गत नम्निलखिति में से कनि-कनि उद्देश्यों के लयिे कृषकों को अल्पकालीन ऋण सहायता उपलब्ध कराया जाता है? (2020)**

1. फार्म परसिंपत्तयिों के रख-रखाव हेतु कार्यशील पूंजी के लयिे
2. संयुक्त कटाई मशीनों, ट्रैक्टरों एवं मनिी ट्रकों के क्रय के लयिे
3. फार्म परविारों की उपभोग आवश्यकताओं के लयिे
4. फसल कटाई के बाद खर्चों के लयिे
5. परविार के लयिे घर नर्मिाण तथा गाँव में शीतागार सुवधिा की स्थापना के लयिे।

**नीचे दयिे गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनयिे:**

(a) केवल 1, 2 और 5
(b) केवल 1, 3 और 4

(c) केवल 2, 3, 4 और 5
(d) 1, 2, 3, 4 और 5

**उत्तर: (b)**

---

**प्रश्न. भारत में निम्नलिखित में से किन्हें कृषि में सार्वजनिक निवेश माना जा सकता है। (2020)**

1. सभी फसलों के कृषि उत्पाद के लिये न्यूनतम समर्थन मूल्य निर्धारित करना
2. प्राथमिक कृषि साख समितियों का कंप्यूटरीकरण
3. सामाजिक पूंजी विकास
4. कृषकों को निःशुल्क बिजली की आपूर्ति
5. बैंकिंग प्रणाली द्वारा कृषि ऋण की माफी
6. सरकारों द्वारा शीतागार सुविधाओं को स्थापित करना।

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये-**

(a) केवल 1, 2 और 5
(b) केवल 1, 3, 4 और 5
(c) केवल 2, 3 और 6
(d) 1, 2, 3, 4, 5 और 6

**उत्तर: (c)**

---

## ?????

**प्रश्न. न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) से आप क्या समझते हैं? न्यूनतम समर्थन मूल्य कृषकों का निम्न आय के जाल से किस प्रकार बचाव करेगा? (2018)**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/5-years-of-pradhan-mantri-kisan-maandhan-yojana